रूप रही रूप रासि सुबरनानि सोभा सार सारु की । आनन कों इंदु जानि आँखें अरविन्द मानि सुन्दरी रजनी दिन रहति सुहाय के । मानिक मनाय दौरें ने हूं तन पन ऐसो कुलनु को सुजान आनन भ-न पाइ के । ९५ । दोहा । लसत सकरी कजरी विलसत लाल पिछार । छिपे लजानि के हुरे बैठी बाल बजार । ९६ । अथ अन्य नायका भेद लक्षण । दोहा । अन्य सुरत दुखिता कही ऐन गर्विता जानि । रूप गर्विता और पुनि मानवती उर आनि । ९७ । अथ अन्य संभोग दुखिता लक्षणम् । दोहा । निज पति रति के चिन्ह जों लखै और तिय देह । अन्य सुरत दुखिता कहैं जरै पेख सों नेह । ९८ । उदाहरण । कवित्त । याही को पठाइ बड़ो काम कीनो आइ बड़ी बेरी है । लड़के हैं होत लोचन रसी ले सो । सांचो क्यों न कहै कहा तोको । जिन्हें आपही को पाइ बकसीस लाई बसन छबीले सों । मतिराम सुकवि संदेसो उन मानियतु तेरे नख सिख अङ्ग रूप कबीले सों । हूतो है रसीली रस बातन बनाय जो पै मेरे जान आई रस राखि के रसीलि सों । ९९ । दोहा । कहत गिहारी रूप मद सखी पैदू को स्वेद । ऊंचो लेति उसास हो कांपति सकल तन स्वेद । १०० । अथ प्रेम गर्विता लक्षणम् । दोहा । निज नायक के प्रेम सों गर्व जनावै बाल । प्रेम गर्विता कहत हैं सो तो सुमति रसाल । १०१ । उदाहरण । कवित्त । मेरे हंसे हंसतु है मेरे बोले बोलत है मोहि को जानत तन मन धन मापुरी । कवि मतिराम मोहे देखो किये हांसी हूंमें छोड़ि देत भूषन बसन पानी पातुरी । मोतें भारी प्यारी के न और कोंक कहा तोसों रिस कीर कीजे काहि कहां कों सयानुरी । सैन कामनी के मैन काहू के न रूप रीझै मैन काहू के सिखाए आलो मन मानुरी । १०२ । दोहा । औरन के पायन रचो नाइनि

जावक लाल । भाग पियारी रावरी परखोत तुम्हें रसाल । २०३ । अथ रूप गर्विता लक्षण । दोहा । जाके अपने रूप को अतिही होय गुमान । रूप गर्विता कहत हैं तासों परम सुजान । २०४ । उदाहरण । कवित्त । सोय रही रति अन्त रसीली आनन्द बढ़ाय अनङ्गतरंगिनि । केशरि खोरि करी तिय पै तन भीनन ओर सुवासक संगिनि । जागि परी मतिराम सरूप गुमान जनावति भौंह के अंगनि । लाल सों बोलति नाहिंन बाल सुधा छकि आँखि अँगोछति अंगनि । २०५ । दोहा । कैसे आँकेहौं उहां है जहँ नन्दकिशोर । छिनहूं मैं मुख चन्द को लखि ललचाति चकोर । २०६ । अथ मानवती लक्षण । दोहा । करै ईर्षा तें जु प्रिय मन भावन सों मान । मानवती तासों कहत कवि मतिराम सुजान । २०७ । उदाहरण । कवित्त । सो मन मोहन होत लई मुख जाके भई विधि की छवि छाजै । खोलि कै नैननि देखे जो नेक तो स्याम सरोज पराजय साजै । जो विहँसे मुख सुन्दर तो मतिराम बड़ाव को बारिज लाजै । बोलै अली मृदु मञ्जुल बोल तो कोकिल बोलिन को सरसाजै । २०८ । दोहा । सुनियत है मन मानिनी बिन अपराध रिसाति । नेह जावन को मनो दीप ज्योति जिय जाति । २०९ । अथ दस नायका वर्णन । दोहा । प्रोषित पतिका खंडिता कलहंतरिता जानि । विप्रलब्ध उत्कंठिता बासक सज्या मानि । २१० । दोहा । स्वाधिन पतिका कहत हैं अभिसारिका सुनाम । कही प्रवत्स्यत प्रेयसी आगत पतिका बाम । २११ । दोहा । दसों अवस्था भेद सों दसों नायिका जानि । तिन के लक्षण लक्ष यह नीके कहौं बखानि । २१२ । अथ प्रोषित पतिका लक्षण । दोहा । जाके पीत विदेश में विरह विकल

लिय होय। प्रोषित पतिका नायिका ताहि कहत सब कोय।११३।
अथ मुग्धा प्रोषित पतिका उदाहरण। कवित्त। वार कितेक स-
हेलिन के कहे कैसे हूं लेन न वीरी संवारी। रावति रोकि कहे
मति राम चले अंसुवा अंखियान तें भारी। प्राण पियारे च-
ल्यो जबतें तबतें कछु और ही रीति निहारी। पीर जनावति
अंगनि में कहि पीर जनावति काहे न प्यारी।११४। दोहा।
पिय वियोग तिय दृग जलधि जल तरंग अधिकाइ। बरुनि
मूल वेला परसि बहुरयो जात विलाइ। अथ मध्या प्रोषित प-
तिका उदाहरण। कवित्त। चन्द को उद्योत होत नैन चन्दका-
न्त कन्त छायो परदेश देह दाहिनि दहतु है। उसरि गुलाब
नीर कर पुट परसत विरह अनल ज्वाल जालनि जगतु है।
लाजनि तें कछु न जनावे काहू सखिन सों उर को उदारि अ-
नुरागि उमगतु हैं। कहा कहो मेरी वीर उठी है अधिक पीर
सुरभि समीर सीरो तीर सो लगत है।११५। दोहा। बहुत दू-
री होत क्यों यों बूझी जब सासु। उत्तर कह्यो न बाल मुख ऊं-
ची लई उसासु।११६। अथ प्रौढ़ा प्रोषित पतिका उदाहरण।
कवित्त। विरह तिहारे लाल बिकल भई है बाल नींद भूख
प्यास सिगरी विसारियत हैं। छोरी छोरी बात चन्द्रमा हूं ने
छिपाई तू वसन नि तानिके बयारि वारियतु हैं। कहै मति
राम कला धर कैसी कला छिन जीवन विहीन मीन सों नि-
हारियतु हैं। वार वार सुकुमार फूलन की माल ऐसी मार
के मरोरनि मरोर मारियतु हैं।११७। दोहा। चन्द्र किरनि
लगि बाल तनु उठे आंच यों जागि। दुपहर दिन कर परसि
ज्यों कर दरपन में आगि।११८। अथ परकिया प्रोषित

सखी अन्त नह। देन कह्योसो विन दिये जानन पैहो गेह। २३३।
अथकलहांनरिता को लछण। दोहा। कह्यो न मानै कन्त को
पुनि पाछे पछितात। कलहन्तरिता नायका ताहि कहत कवि
राइ। २३४। अथ मुग्धा कलहन्तरिता को उदाहरण। कवित।
गौने की चूनरी ग्रमो री है दुलही अबहोत दिहाइ बुराती। आ
उ बुलावन आए हैं आपने हाथ सों जातनधामसवारी। पाय
परे मतिराम लला मनु हारि करी कर जोरि हहारी। आपही म-
न्यो मनायो न काहू को आपही ख्याल न चाल पियारी। २३५।
दोहा। आई गौन कालिही सीखें कहा सयान। अबही ते रूसन ल-
गी अबही ते पछितान। २३६। अथ मध्या कलहान्तरिता को उ-
दाहरण। कवित। पायन आय परे तो परे रहे केती करी मनुहारि
सहेली। मान्यो मनायो न मैं मतिराम गुमान मैं ऐसी भई
अलबेली। आजु तो ल्याउ मनाइ कन्हाई को मेरो न लीजिये
नाम सहेली। २३७। दोहा। जो तू कहै तो राधिका पियहि म-
नावन जाउं। उहां कहोगी जाय के सखी तिहारो नाउं। २३८।
अथ प्रौढ़ा कलहान्तरिता कोउदाहरण। कवित्त। ठाढ़े भये क-
र जोरि के आरो अधीन है पायन सीस नवायो। केती करी।
बिनती मतिराम पै मैंन कियो हठते मन भायो। देखत ही।
सगरी सजनी तुम मेरे तो मान महामद छायो। रूठि गयो उ-
ठि प्राण पियारो कहा कहिये तुमहूं न मनायो। २३९। दोहा।
पीतम जब पायन पस्यो तब अति भई सरोष। कह्यो न मान-
हुं आपही हमें दीजियतु दोष। २४०। अथ परकीया कलहा-
न्तरिता को उदाहरण। कवित्त। जाके लिये गृह काज तज्यो न।
सिखी सखियान की सीख सिखाई। बैर कियो सिगरे ब्रज

गाँव मों जाके लिये कुल कानि गवाँई। जाके लिये घर बाहिर हूँ मतिराम रह्यो हँसि लोग चवाई। ताहीं रिसों छिन एकहि चोर गँवारि मैं तोरत बार न लाई। १४१। दोहा। जोरत हूँ सजनी। विपति तोरत लपत समाज। नेह कियो बिन काज ही तेहि कियो बिन काज। १४२। अथ गणिका कलहान्तरिता को उदाहरण। कवित्त। जाते लही जग बीच बड़ाई जो मेरा वियोग जो होत है छीनो। मोहिं गने मानि राम जो प्राण के मेरे मडाहि रह्यो जो अधीनो। मेरे लिये तिनही उठि के गहनो जु गढ़ाय के ल्यावे नवीनो। प्राण पियारे सो पायन लाग्यो री मैं हँसि कंठ लगाय न लीनो। १४३। दोहा। यासों कियो सनेह मन रहे न एको। साध। तासों भई सरोष हों सजनी बिन अपराध। १४४। अथ विप्रलब्धा को लक्षण। दोहा। आप जाय संकेत में मिलै न जाको पीय। ताहि विप्रलब्धा कहत शोच करत अति जीय। १४५। अथ मुग्धा विप्रलब्धा को उदाहरण। कवित्त। आलिनि के सुख मानिबे को पिय प्यारे की प्रीति गई चलि आगे। छाय रह्यो हिय रो दुख सों जब देख्यो नहूं नदलाल सभागे। काहू सों बोल कछू न कहे मतिराम न चित्त कहूं अनुरागे। खेल सहेलिनि में पर खेल नवेली को खेलन जेल सो लागे। १४६। दोहा। लख्यो न कन्त सहेट में लख्यो नषत को राय। नवल बाल को कमल सों गयो बदन कुंभिलाय। १४७। अथ मध्या विप्रलब्धा को उदाहरण। कवित्त। केलि के मन्दिर देख्यो न लाल को बाल के दाहन अंग रहे हैं। भौंह चढ़ाय सखीनो लख्यो मतिराम कछून कुबोल कहे हैं। भूलि हुलास बिलास गए दुखतें भरि के अंसुवा उमहे हैं। ईछन कोर-

कितें न गिरे मनो तीछन कोरनि छेदि रहे हैं । १४८ । दोहा । तिय कों मिल्यौं न प्राण पति सजल जलद तन मैन । सजल जलद लखि के भये सजल जलद से नैन । १४९ । अथ प्रौढ़ा लक्षा को उदाहरण । कवित्त । सकल सिंगार साजि संग लै सहेलिन कों सुन्दरि मिलन अली आनंद के कंद को । कवि मतिराम बाल करनि मनोरथनि पर्‌यो पाय मंद मैन प्यारे नन्द नन्द को । नेह नें लगी है देह दाहन गाहन गेह बाग के बिलोक द्रुम बेलिन के वृन्द को । नन्द कौ हँसत आयो मुख चन्द अब चन्द लाग्यो हंस हंसनि तिया के मुख चन्द को । १५० । दोहा । लख्यो न मन्दिर के विषै पिय रुचि विजिन अनंग । नैन कमल तें जल वलय गिरे एक ही संग । १५१ । अथ परकीया विप्र लक्षा को उदाहरण । कवित्त । चली आनि राग प्राण प्यारे को मिलन । थान ने सुक निहारि कें बिगारि काज घर को । पियरे वरन मुख छियरे समाइ रह्यो कुंजन में भयो न मिलाप गिरधर को । बिसरे बिलास सब विलाइ गयो हांस छायो सुंदरि के तन में मलाप पञ्च सर को । तीछन जुन्हाई अरु । ग्रीषम की घाम भई भीषन पियूष भानु भानु दुख हर को । १५२ । दोहा । नची जोन्हि सों भूमि अलि भरे कुसुम के फूल । तुम बिन वाको वन भयो खड्ग पत्र के तूल । १५३ । दोहा । साहस करि कुंजन गई लख्यो न नन्द किशोर । दीप सिखा सी थर हरी लगे बयार झकोर । १५४ । अथ गणिका विप्र लक्षा को उदाहरण ॥ कवित्त । बीर बिलासनि कोटि हुलास बढ़ाइ के अङ्ग

सिंगार बनायो सीतल गेह गई चलिके मतिराम तहाँ न पि-
यो मन भायो। संग सहेली सों रोस कियो नहिं आपन कों
यह दोष लगायो। हाय कियो मैं भलो यह कौन जो आपन
भौन नवेलि पठायो। १५५। सौंहि पठायो कुञ्ज में उत आ-
ये नहिं आप। आली औरहु बीति को मेरो मिट्यो मिला-
प। १५६। अथ उत्का का लक्षण। दोहा। आपु जाय।
संकेत में पीउ न आयो होइ। ताकों मन चिन्ता करै उत्का
कहिये सोइ। १५७। अथ मुग्धा उत्का का उदाहरण। कवि-
त्त। बीति गई युग याम निसा मतिराम मिटी तम की सर-
साई। जानति हौं कहुं और तिया सों रह्यौ रस में रसि के
रसकाई। सोचति सेज परी यों नवेली सहेली सों जानि न
जात सुनाई। चन्द चढ्यो उदया चल में मुख चन्द में आ-
नि चढ़ी पियराई। १५८। दोहा। कितने कन्त आयो अ-
ली लाज न बूझि सकैन। नवल बाल पलका परी पलकन
लागे नैन। १५९। अथ मध्या उत्काको उदाहरण। कवित्त।
बारहिं बार बिलोकति द्वारहिं चौंकि परै तिन के खरके हूं।
सेज परी मतिराम बिसूरति आइ अहों अबहीं लखि मैं हूं।
संग सखीन के खेलन ही अजहूं रजनी पति के अथयें हूं।
लालन सौतिन जाहु घरे फिर बालन मानिहैं पाइ परे हूं। १६०।
दोहा। कहाँ रह्यो आयो सखी पीउ पहर युग मैन। अध-
निकरे अधरानि मों बात बदन तें बैन। १६१। अथ उत्का
प्रौढ़ा को उदाहरण। कवित्त। केयु घरी निसा बीति गई अ-
रु मेह चहूँ दिस आयो उनै है। अंग सिंगार कै बैठी है।
सांवरे तेरी ए बाट बिलोकति ह्वै है। बैठि कहा मति राम।

रसाल ह्वै रहि मनावति ही पुनि जैहै। आलस बेगि निहारि। पियारी सों दोष बिचारि हमें बहु दैहै। २६२। दोहा। पीउ न आयो ध्यान में मूँदे लोचन बाल। पलक उघारति पलक में आयो होय न लाल। २६३। अथ परकीया उत्का को उदाहरण। कवित्त। यमुना के तीर बहै शीतल समीर जहाँ मधुकर मधुर करत मन्द शोर हैं। कवि मतिराम तहाँ छबि सों छबीली बैठी अंगनि तें फैलति सुगन्ध की झकोर हैं। पीतम बिहारी के निहारिबे की बाट ऐसी चहूँ ओर दीरघ दृगनि की कोर हैं। एक ओर मीन मानो एक ओर कंज पुंज एक ओर खंजन चकोर एक ओर हैं। २६४। दोहा। कौन बात लखि गेह की कुंज देहरी आय। लै हैं धीर बिचारि के नागरि फिरि फिरि जाय। २६५। अथ गणिका उत्का को उदाहरण। कवित्त। पीतम को घर ध्यान करि के आवहीं मन काम करवे लैं। पीतम के रुक्के मतिराम अचानक हीं अँखियाँ सूनि खोलैं। पीतम ऐहै आजौ सजनी अँगिराई जम्हाइ यों कुँ बोलैं। मानें शंकु गोरी हरि हरि गेह के बाग हरे हरे डोलैं। २६६। दोहा। बार बधू पिय पंथ लखि अँगिरानी अँग मोरि। पौढ़ि रही परयंक मनु डारी मदन मरोरि। २६७। अथ वासकसज्जा का लक्षण। दोहा। ऐहै पीतम आजु यों निश्चय जान्यो बाल। साजे सेज सिंगार सखि वासकसज्जा नाम। २६८। अथ मुग्धा वासकसज्जा को उदाहरण। कवित्त। भई है सयानी तरुनाई सरसानी प्रीति में पगानी उठ लाज डर ना कियो। कवि मतिराम काम केलि की कलानि करि। मोहन लला को बस कीजियो अभिलाषियो। मृदु मुस-

।१७५। दोहा। मन मोहन के मिलन की करे मनोरथ नारि। धरे चोल के सामुहे दिया भवन को वारि। १७६। अथ गणिका वासक सय्या को उदाहरण। कवित्त। सेन सारी। सोहन उज्यारी मुख चन्द की सी महलनि मन्द मुसक्यान की मढ़ा मही। आंगिया के ऊपर है उलही उरोज ओप उर मतिराम माल मालती की डहा डही। मोंत मंजु मुकुर से मंजुल कपोल गोलगोरी की गुराई गोरे गात न गहा गही। फूलन की सेज बैठी दीपक फैलाय लाय बेली की फुलेल फूली फूल सी लहा लही। १७७। दोहा। सुन्दरि सेज संवारि के साजे सबै सिंगार। दृग कमलन के द्वार में बांधे वन्दन वार। १७८। अथ स्वाधीन पतिका को उदाहृ०। दोहा। सदा रूप गुण रीझि पिय जाके रहैं अधीन। स्वाधिन पति का नायका बरणे कवि परवीन। १७९। अथ मुग्धा स्वाधीन पति का को उदाहरण। कवित्त। आपने हाथ सों देत महावर आपहि बार सिंगारत नीके। आपन हीं पहिरावत आनि के हार संवार के मौल सरी के। हौं सखि लाजन जात मरी मतिराम सुभाय कहा कहौं पी के। लोग मिले घर घर कहैं अबहीं ते ये चेरे भये दुलही के। १८०। दोहा। अंग अपवलोकि के लिय यौवन की ज्योति। सुधा सिंधु अवगाह सुन दीठ। नाह की होति। १८१। अथ मध्या स्वाधीन पतिका को उदाहरण। कवित्त। जग मग जोवन अनूप तेरो चाहिये। रति ऐसी रंभासी रंभासी बिसाइये। देखि वे करे मान प्यारे प्राण प्यारे पास रहो घूंघट उघारि नेकु वदन दिखाइये। तेरे अंग अंग में मिठाई लेउ नाहीं भरि मतिराम कहे।

पियहिं बुलावे आप को पिय पै आपहि जाय । ताहि कहत अ-
भि सारिका जे प्रवीन कविराय ।१९०। अथ मुग्धा अभि सारि-
का को उदाहरण । कवित्त । जान न जाय लगाय लई रस ही रस
में मन हाथ के लीनो। लाल निहारे बुलावन को मतिराम तें
बालकह्यो पर लीनो । वेगि चलो न विलम्ब करो लख्यो बाल
नवेली को नेह नवीनो । लाज भरी अँखियां बिहसी बसि बो-
ल कहे बिन उत्तर दीनो । १९१ । दोहा । अली चली नवलाहि
ले पिय पै साज सिंगार । ज्यों मतंग अँडदार को लिये जात ।
गंडदार । १९२ । अथ मध्या अभि सारिका को उदाहरण ।
। कवित्त । बैठि रहे मतिराम लला घर भीतर साँझहि ते अनु-
रागी । बालक सों बनि चारु सिंगारनि आई सुहागनि प्रेम ।
सों पागी । प्यारे कह्यो हंसि आइये सेजाहिं प्यारी की जाति
विलासिनि जागी । नैन नवाइ रही मुसक्याय कै हार हिये ।
को संवारन लागी । १९३ । दोहा । जोबन मद गज मन्द ।
गति चली बाल पिय गेह । पगनि लाज आई परी बढ़ो म-
हा मद नेह । १९४ । अथ प्रौढ़ा अभिसारिका को उदाह-
रण । कवित्त । सहज सुबास युत देह की दुगुनि दुति दामि-
नी दमक दीप केसर कनक तें । मतिराम सुकवि सुमुग्ध
सुकुमार अंग सोहत सिंगार चारु जोबन बनक तें । साइबे को
सेज चली आन पति प्यारे पास जगन जुदार जोति हंसनि कन
क नें । चढ़त अटारी गुरु लोगन की लाज प्यारी रसना दसन
दाबे रसमन कन तें । १९५ । दोहा । सजि सिंगार सेजहि चली ।
बाल जहां पति प्रान । चढ़त अटारी की सिढ़ी भई कोस परिमान
। १९६ । अथ परकीया कृष्णा अभिसारिका को उदाहरण । कवित्त

उमड़ घुमड़ दिग मंडलनि मंडि रहे झूमि झूमि बादर कुहू कि निस कारी में । अंगन में कीन्हों मृग मद अंग राग तैसो । आनन उढ़ाय लीन्हों श्याम रंग सारी में । मतिराम सुकवि समयं के रुचि राज रही आभरन राजी मरकत मनवारी में । मोहन छबीले को मिलन चली राधा छवि छाहलो छबीलो छवि । छाजन अंध्यारी में । १९७। दोहा । श्याम बसन में श्याम । निशि दुरगति याकी देह । पहुंचाई चहुं ओर घिर भौर भीर पिय गेह । १९८। अथ शुक्ला अभिसारिका को उदाहरण । कवित्त । अंगनि में चंदन चढ़ाय घन सार सेत सारी छीर फेन ऐसी आभा उफनात है । राजत रुचिर रुचि मोतिन के आभरन कुसुम कलित केश शोभा सरसाति है । कवि मति राम । प्राण प्यार को मिलन चली करके मनोरथनि मृदु मुसकाति है । होति न लखाई निशि चन्द की उज्यारी मुख चंद की उज्यारी तन छाहों छिपि जाति है । १९९। दोहा । मलिन करी छवि जोन्ह की तन छवि सों चलजाऊं । क्यों जैहो पियपेस खी लखि जैहे सब गाउं । १२० । अथ दिवा अभिसारिका को उदाहरण । कवित्त । सारी जरतारी की झलक झलकनि तैसो केसरि को अंग राग कीन्हों सब तन में । तीक्षण तरल की । किरनि तें दुगुन ज्योति सोहे जवाहर जड़ित आभरन में । कवि मतिराम आभा अंगनि अंगारिन की घूम कैसी धार छवि छाजति कंचन में । ग्रीषम दुपहरी में हरि को मिलन चली जानी जात नारि नन्द वारियुत बन में । २०१। दोहा । ग्रीषम ऋतु की दुपहरी चली बाल बन कुंज । अंग लपटि तीक्षण लुवे मलय पवन के पुंज । २२२। अथ गणिका अभि-

अभिसारिका को उदाहरण । कवित्त । साँझहि सिंगार साजि प्रान प्या-
रे पास जाति बनिता बनक बनी बेलरी अनंद की । झमि-
कनि राजे झनक किंकिनि की धुनि बाजै मन्द मन्द चाल ज्यों ।
बिराजत गयन्द की । केसरि से रंगिये दुकूल हाँसी में बरस
केसनि में छाई छबि फूलनि के वृन्द की । पीछे पीछे आ-
वति अँधियारी सी भँवर भीर आगे फैल रही उजियारी मु-
खचन्द की ।२०३। दोहा । नागरि सकल सिंगार करि चली अ-
गा चलि पास । प्रिया अली बिहसत भये सोभा सहज बि-
लास ।२०४। अथ प्रवत्स्यत् प्रेयसी को लक्षण । दोहा ।
होनहार प्रिय के बिकल बिरह होय जो बाल । ताहि प्रवत्स्य-
त प्रेयसी बरनत बुद्धि बिसाल ।२०५। अथ मुग्धा प्रव-
त्स्यत् प्रेयसी को उदाहरण । कवित्त । जा दिन तें चलिबे की
चरचा चलाई तुम ता दिन ते वाके पियराई तन छाई है । कहै
मतिराम छोड़े भूषण बसन पान सखिन सों खेलन हसनि
बिसराई है । आई रितु सुरभि सुहाई प्रीति वाके चित ऐ-
से में चलो तो लाल रावरी बड़ाई है । सोवत न रैन दिन रोव-
त रहत बाल बूझति कहति सुधि मायके की आई है ।२०६।
क्यों सहिहै सुकुमार यह पहलो बिरह गोपाल जब वाके चि-
त हित भयो चलन लगे नवलाल ।२०७। अथ मध्या प्र-
वत्स्यत् प्रेयसी को उदाहरण । कवित्त । गौने के द्योस छ-
सातक बीते न बीती कहाँ अबही इन आई । लालन बालके ना-
हिं नें मतिराम परी सुख में पियराई । तून बहू को पठा-
य सखी यह देखि दुहून की प्रीति सुहाई । रोये से रोचन
मोये से लोचन सोयत सोचत रैन बिताई ।२०८। दोहा ।।

दोहा। अबहीं ते मिलि मोहि सखि चलत आजु ब्रजराज। अँसुवनि-
राखति रोकि कै जियहि निकासति लाज। २०९। अथ प्रौढ़ा
प्रवत्स्यति प्रेयसी को उदाहरण। कवित्त। मलय समीर लागे
चलन सुगंध सीर पथिकन कीन्हे परदेशनि ते आवने। म-
तिराम सुकवि समूह न कुसुम फूले कोकिल मधुप लागे
बोलन सुहावने। आयो है वसन्त अब पल्लवित जान तुम
लागे चलिबे की चरचा चलावने। गवरी तिया को तरुवर सब
रन के किसलै कमल ह्वै ह्वै पावक दिखावने। २१०। दोहा। को-
पनि ते किसलै जरे ह्वांहिं कलित ले कौल। तव चलाइये चल-
न की चरचा नायक लाल। २११। अथ परकीया प्रवत्स्यति प्रे-
यसी को उदाहरण। कवित्त। मोहन लला को सुन्यो चलत बि-
देस भयो बाल मोहनी को चित्त निपट उचाट में। खरी तरुबे-
ली तर मन में छबीली राखे छाति पर छिनकु छिनकु पाव बाट
में। प्रीतम नयन कुवलयन को चंद भयो घरी में चलेगो मति
राम जेहि घाट में। नागरी नवेलि रूप आगरी अकेली रीति।
गागरी लै ठाढ़ी भई घाट ही के बाट में। २१२। दोहा। चलत सुन्यो
परदेश को हियरा रह्यो न ठौर। लै मालिनी मीतहिं दयो नवर-
सालका मौर। २१३। अथ गणिका प्रवत्स्यति प्रेयसी को उदा-
हरण। कवित्त। मंजन कियो न तन अंजन दियो न नैन जावक
दियो न पाय रही मन मारि कै। मतिराम सुकवि तमोल छोड़ि
देयो बीर पहिरे वसन डारे भूषण उतारि कै। ऐहैं आजु पीव
बिदा मांगन बिदेश को यो नेह के जमाय वे की चातुरी बिचारि
कै। गारि राख्यो चन्दन वगार राख्यो घनसार आंगन में सेज
सरसिजन संवारि कै। २१४। दोहा। चलत पीय परदेश को

बरज सकौं नाहिं लाहिं। लै रैहौं आसन ज्यों जियत पाइ हौं मो-
हिं। २१५। अथ आगत पतिका को लक्षण। दोहा। पतिय
को परदेश ते आयो पिय मतिराम। ताहि कहत कवि लोग य-
ह आगत पतिका बाम। २१६। अथ मुग्धा आगत पतिका
को उदाहरण। कवित्त। आयो बिदेश तें प्राण प्रिया मतिराम।
आनन्द बढ़ाइ अलेखै। लोगनि सों मिलि आंगन बैठि घरीही।
घरी तिगरो घर पेखै। भीतर भौन के द्वार खड़ी सुकुमारि तिया
तन कम्प बिशेखै। घूंघट को पट ओट किये पट ओट दिये पिय
को मुख देखै। २१७। दोहा। पिय आयो नव बाल तन बाढ़ो
हरष बिलास। प्रथम बारि बूंदन उठै ज्यों बसुमती सुवास। २१८।
अथ मध्या आगत पतिका को उदाहरण। कवित्त। चंदमु-
खी सजनानि के संग हुती पति आंगनि में सनु फेरत। ताहि समै
पिय प्यारे की आगम प्यारी सखी कह्यो द्वार ते टेरत। आय
गये मतिराम जबै नव देखत नैन अनन्द अभेरत। भौन के
भीतर भाजि गई हँसि कै हरुवै हरि को फिर हेरत। २१९।
दोहा। पिय आगम सरदा गमन निरमल बाल मुख इन्दु। भ-
अंग बिमल पिय पै भयो फूले दृग अरबिंद। २२०। अथ
प्रौढ़ा आगत पतिका को उदाहरण। कवित्त। प्राण न प्यारो
मिल्यो सपने में परी जब ते सुख नींद बिहोरे। कन्त को आय
बो यों ही जगाय सखी कह्यौ दैन पीउ पै निचोरे। यों मतिराम
भयो हिय ते सुख बाल के बालम सों दृग जोरे। जैसे मिहीप-
ट में चटकीलो चढ़ै रंग तीसरि बार के बोरे। २२१। दोहा। पिय
आयो परदेश तें हिय हुलसी अति बाम। टूक टूक कंचुक कि
यो का कमनीने काम। २२२। अथ परकीया आगत पतिका

को उदाहरण। कवित्त। आयो बिलव बिदेशते बालम बाल बियो
ग बिथा बिसराई। आई तहां तिनके संगहै सब गांव कीजे युवती
जुरि आई देखतही मतिराम कहैं अंखियानि में आनंद की छ-
बि छाई। साजनि क्यों करिवेन कहे सुकह्यो दुख देह सबे दुखराई।
।२२३। अथ दूसरो उदाहरण। कवित्त। भावते को सुनि आगम।
आनन्द अंगनि २ में उमह्यो है। सो हमहूं हित सों न दुराइये।
आली कह्यो यह कौन कह्यो है। गाढ़ी भई माहरि दर की अं-
गिया की तनी नित तन उमग्यो है। खैंच लिये सुख के असुवा
यह क्यों दुरि है हियरा उमह्यो है। २२४। दोहा। सुन्यो मायते
जब बढ़ी वा मन आयो कन्त। कुशल बूझिवे के मिसिहि ली-
न्हो बोलि इकन्त। २२५। अथ गणिका आगत पतिका को।
उदाहरण। कवित्त। नागर बिदेश में बिताई बहु द्योस आय।
नागरि के हिय में हुलसि निकसी खान की। कवि मति राम।
अंक भरिके मयंक मुखी नेहे सरसाइ भाही मति सुख दान
की। सुवरन बोलि के बतावत हैं सुवरन ही रजत लावत हैं
छबि मुसक्यानि की। आंखिन ते आनन्द के आंसू उमगाइ
प्यारी प्यारे को दिखावत सुरत सुकतान की। २२६। दोहा।
फूली नागरि कामनी उड़ि गये नित्त मलिंद। आयो मित्त बि-
देश ते भयो मुदित आनन्द। २२७। अथ उत्तमा लक्षण। दोहा।
पिय हितु को अनहित करे आप करे हितमारि। ताहि उत्तमा ना-
यका कवि जन करत बिचारि। २२८। अथ उदाहरण। कवित्त।
राति कहूं रस के मनभावन आवन प्रात मिया घर कीनो। देख
तही मुसक्याय उठी आगेहै आदर को फिर लीनो। मोहन
के तन में मतिराम दुकूल सुनी लीनो हार नवीनो। केसर के

केरंग सों रंगिके पटु पीतके मौलस्री के कर दीनो ।२२९। दोहा । पिय अपराध अनेक निज आँखिन हूं लखि पाइ । तिय इकहूं कहुं कन्त सों माने करत लजाय ।२३०। अथ मध्या लक्षण । दोहा । पियसों हित तें हित करै अनहित कीनो मान । ताहि मध्यमा कहत हैं कवि मति राम सुजान ।२३१। अथ उदाहरण । कवित्त । आयो प्राणपति रात अन्त बिताई बैठी भौंहनि चढ़ाई रंगी सुन्दरि सुहाग की । पानन खवाई पर्यो प्यारी के पगनि आइ भूल सों छिपाइ छैल छवि रति दाग की । छूटि गयो मान लगी आपहि सवांरन को खिरकी सु कवि मतिराम पिय पाग की । हिलही के आंसू भरे आनन्द के आँखिन में रोस की ललाई सों ललाई अनुराग की ।२३२। दोहा । मेरे तन के रोम यह मेरोहि नहीं । निलाज । तौहि आदर आगमन को करौं कौन बिधि लाज ।२३३। अथ अधमा को लक्षण । दोहा । पिय सों हित हूं को किये । कर मानै यों बाल । तासों अधमा कहत हैं कवि मति राम रसाल ।२३४। उदाहरण । कवित्त । आये हैं सयान पन गयो है अजानपन निन उठि मान करिबे टेव बावरी । घर घर मानिनी है मान ना मनायो तबै तेरी ऐसी रीति अनकाहू पै नावरी । कवि मतिराम काम रूप घन श्याम लाल तेरी नैन कोर और चाहै इक टक की । हाहा करै निहोरे हूं न हेरति हरिन नैनी काहे को करति हठु हरिल को लकरी ।२३५। दोहा । कहा लियो गुरु मान कौं अति लाही है नेम । पारद सों उड़ि जायगी । अलि अंचल यह प्रेम । २३६। इति नायिका लक्षण समाप्तम् । अथ नायक लक्षण । दोहा । तरुण सुघर सुन्दर सकल काम कलानि प्रवीन । नायक सो मतिराम कहि कविन रीति रस लीन ।२३७। अथ उदाहरण ।

।कवित्त। गुन्जन के अवतंस बेस सिखि पक्षन अच्छ किरीट बनायो। पल्लव लाल संमेत छरी कर पल्लव मे मतिराम सुहायो। गुंजनि के उर मंजुल हार निकुंजन तें कढ़ि बाहर आयो। आजु को रूप लखै ब्रजराज को आजुही आँखिन को फल पायो।२३८। दोहा। परी भाँवरे साँवरे रास रसिक रसजान। उनहीं में मन भ्रमत है ह्वै बीडुर को पान।२३९। अथ नायक भेद। दोहा। पति उपपति वासिक त्रिविधि नायक भेद बखान। विधि सों ब्याहे पति कहत कवि कोविद मलजान।२४०। अथ उदाहरण। कवित्त। पाँव धरै दुलही जेहि ठौर रहे मतिराम तहाँ दृग दीने। छाड्यो सखान के साथ को खेलबो बैठ रहे घरही रस भीने। साम्हीं तें ललके मनहीं मन लालन यों रस सों बस लीने। लोनी सलोनी के अंगनि नाह सुगौने की चूनरी टोने से कीने।२४१। दोहा। जा दिन तें गौनो भयो आई बाल रसाल। ता दिन तें विरहनि भई हरि उठ तें बन माल।२४२। अथ नायक का वर्णन। दोहा। चारि भाँति सों सब न ये प्रथम कहत अनकूल। दक्षिण गनि पुनि धृष्ट सठ रस सिंगार के मूल।२४३। अथ अनुकूल नायक लक्षण। दोहा। सदा आपनी नार सों जाके अतिही प्रीत। परनारी तें बिमुख जो सो अनुकूल सुरीत।२४४। अथ उदाहरण। कवित्त। कौ हूं नहीं बिसरें निशिवासर मन्द हँसी मुख चन्द उज्यारी। त्यों हीं दियो अति नेह सों देह की दीप कला सम दीपति न्यारी। तेरिये ज्योति जगे हिय भीतर आवन नारिन और अंध्यारी। नैनन हू अरु बैन हू के मन हू मन हू के तुहीं अति प्यारी।२४५। दोहा। सपने हू मन भावतो करत नहीं अपराध। मेरे मन ही में रही सखी मान की साध।२४६। अथ दक्षिण लक्षण। दोहा।

एक भांति सब तियनि सों जाको होय सनेह। सो दछिण भनि राम कह बरनत है मति गेह।२४७। अथ उदाहरण। कवित्त। सांझ से ललना मिलि आई खडी जहं नन्दलला अलबेलो। आपनि पोरि बताइ कह्यो अब आजु हमारिहि पोरि में खेलो। खेलन। को निश चांदनी मोहन नैन मतो मतिराम सुहेलो। त्यों हंसि के ब्रजराज कह्यो ये आजु हमारि ही पोरि में खेलो।२४८। दोहा। दछिण नायक एक तुम मनमोहन ब्रज चन्द। फुलये ब्रज। बनितानि के दृग इन्दी वर वृन्द।२४९। अथ धृष्ट लक्षण। दोहा। करे दोष निरशंक है डरे न पिय के मान। लाज धरे। मन में नहीं नायक धृष्ट निदान।२५०। अथ उदाहरण।कवित्त। बरजो न मानत हो बार बार बरजे में कौन काम मेरे इत। भौन में न आइये। लाज कौन लेस जग हांसी को न डर न नहिं मान आन बान न बनाइये। कवि मतिराम नित उठि के कलंक कारो नित २ सौंहें कारो अंग बिसराइये। जाके पग लागो निशि जागि जाके उर लागे मेरे पग लागि २ आगि न लगाइये।२५१। दोहा। आजु नैन कुलटानि के आनि बसे ब्रजराज। हिये तिहारे ने सकल मानि निकारी लाज।२५२। अथ सठ का लक्षण। दोहा। डरे करे अपराध ही करे कपट की प्रीति। बचन क्रिया में अति चतुर सठ नायक की रीति। २५३। अथ उदाहरण। कवित्त। मोते तो कछु न अपराध परयो प्यारी मान करि रही याही काहि के अरस ते। लोचन चकोर मेरे सीतल ही होत तेरे अरुण कपोल मुख चन्द के दरस तें। कहें मतिराम उर लागि उर मेरे किन कारति कठोर मन असुवा बरस ते। कोपते कटुक बोल बोलति है तऊ मोको मीठे होत अधर सुधारस परस-

वह सुधि करो क्यों न नैन नलनीके दल सेज तारे सीरे सरसि- जनि बिछाइये। अमल उसीर इन्दु चंदन गुलाब नीर कहां लगि और उपचारनि जनाइये। छल बल छल वाको मैं मिलाइ के जिवाय तब कवि मति राम अब साहिबी जनाइये। ऐसो मन भावत गुमान है जु प्यारी के मनाइबे मनाइबे को तुमको मनाइये। २६३। दोहा। यामें कौन सयान है मोहन लाल सुजान। आय करत अपराध ही आपहि करत गुमान। २६४। अथ बचन चतुरता का लक्षण। दोहा। बचननि सें जो करत है चतुराई मति राम। बचन चतुर नायका सरस लीजे जानि सकाम। २६५। अथ उदाहरण कवित्त। दूसरे की बात सुनि परति न ऐसी जहां कोकिल कपोतन की धुनि सरसानि है। छाई रहे जहां द्रुम बेलिन सों मिलि मतिराम अली कुलनि में अंध्यारी अधिकानि है। नखत से फूलि रहे फूलन की कुंज घन कुंजन में होत जहां दिनहू में राति है। ता बन की बाट कोऊ संग ना सहेली कहि कैसे तू अकेली दधि बेचनि को जाति है। २६६। दोहा। तोकों देउं बताइ के लकिल होति उचाट। ग्वालिन दधि बेचन गई बंशी बट की बाट। २६७। अथ क्रिया चतुर का लक्षण। दोहा। करे क्रिया सों चातुरी जो नायक रस लीन। क्रिया चतुर ताकों कहत कवि मति राम प्रवीन। २६८। अथ उदाहरण। कवित्त। नन्द लाल गयो तितही चलिके जित खेलति बाल सखी गन में। तहां आपही मूंदि सलोनी के लोचन चोर मिहीचनि खेलन में। दुरिबे को गई सिगरी सखियां मतिराम कहैं इतने छण में। मुसकाइ के राधिका कराठ लगाय छिप्यो कहूं जायनि

कुंजन में ।२६९। दोहा । सांझ समय वह छैल की छलनि
कही नहिं जाय । बिन डर वह डर वाइ कै लिये सोहिं उरलाय।
।२७०। अथ प्रोषित नायक लक्षण । दोहा । नायक होय विदे-
शमें जो वियोग अकुलाय । तासों प्रोषित कहत हैं जे प्रवीन क-
वि राय । २७१। अथ उदाहरण । कवित्त । प्यारे परे वचन पीयूष
पान करि करि उमगि उमगि तिय आनन्द विशेषि हैं। कवि म-
तिराम नन तपति बुझाय जैहै तब निज जनम सुफल करि लेखि
हैं । होलत की शीतल करन चारु चांदनी सी मन्द मृदु मुसक्या-
नि अनमिष पेखि हैं । है है तो निराम मेरे लोचन चकोरन की
जब वाको आनन अमल इन्दु पेखिहैं । २७२। दोहा । प्रफुलित
सुमन सुवास में करयो आनन्द केलि । सो नीको उर लागिहै उर
सोने की बेलि । २७३। अथ दर्शन लक्षण । दोहा । दरशन ।
आलम्बनहि में कविमति राम बखानि । श्रवण स्वप्न अरु चि-
त्र पुनि त्यों प्रत्यक्षहिं जानि । २७४। अथ श्रवण दरशन को
उदाहरण । कवित्त । आनन पूरण चन्द लसै अरु बिन्दु बिला-
स बिलोचन पेखै । अंबर पीत लसै चपला छवि अम्बुद मे-
चक अङ्ग उरेखै । कामहु ते अभिराम महा मतिराम हिये
निहचै करि लेखै । ते बरने निज बैननि सों सखि मैं निज
नैननि सों मनों देखै । २७५। दोहा । जैसो तुम बरन्यो सखी
रूप कान्ह को आय । तैसोई मेरे नयन रह्यो आय दरशाय
।२७६। अथ स्वप्न दरशन को उदाहरण । कवित्त । आवन में
हरि को सपने लखि नेसुक आड़ सकोच न छोड़ी । आगे ह्वै ठा-
ढ़े भये मतिराम चले सुचिते पल लालच ओड़ी । होठनि
को रस लेन को मोहन मेरी गही करकों पति ठोड़ी । और

अथवा २ घर तें उठि धाई। २८५। दोहा। सखी दूतिका जानियो उद्दीपन को भेद। नायक अरु नायिकानि को हरै विरह को खेद।

।२८६। अथ सखी लक्षण। दोहा। जासों नहिं नायिका कछू छिपावै बात। तासों बरणत सब सखी कवि मति सब अवदात। २८७। अथ सखी कर्म लक्षण। दोहा। मण्डन औ सिक्षा करन उपालम्भ परिहास। काज सखिन को जानिये औरे बुद्धि बिलास। २८८। अथ मण्डन यथा उदाहरण। कवित्त। जावक रंग रंगे पद पंकज नाह को चित रंग्यो रंग वालें।

अंजन दे कर नैननि में सुखमा बढ़ी श्याम सरोज प्रभालें।

सोनेके भूषन अङ्ग रच्यो मतिराम सबै वश करिबे की घातें।

योंहि चलै न सुभाव सिंगारहिं में सखि भूल कही सब बातें।

।२८९। दोहा। सखी पिया की देह में सजे सिंगार अनेक। कजरारी अंखियान में भूल्यो काजर एक। २९०। अथ सिक्षा उदाहरण। कवित्त। मलय को पवन मन्द मन्द के गवन लयो फूलन के वृन्दन में मकरन्द टारने। कवि मतिराम चित्त चोर चारो ओर चाहि लाग्यो चैत चंद चारु चांदनी पसारने। मालिन की आली आली मैन कैसे मंत्र पढ़ि लागी मालतीन के मनन मान मारने। सुमन सिंगार साजे सेज सुख साजि करो लाज करो आज ब्रजराज पर वारने। २९१। दोहा। कित सजनी है अनमनी अंसुआरती निसंक बड़े भाग नन्दलाल सों झहूं लगत कलंक। २९२। उपालम्भ उदाहरण। कवित्त। पान की कहा चली कहा पानी को न पान करै आहि कर उठत अधिक उर आधिके। कवि मतिराम भई विकल बिहाल बाल राधिके जिवावै अनंग अपराधिकै। याही को कह्यो ब्रज सब दिन

चाँदनी सें करी है उजारि हूजं ऐसी रीति लाधिकै । जैसे तुम्हे मो-
हन बिलोको याकी ओर तें सबेरहूं सो बैरिन निलोके बेर ।
साधिकै । २९३ । दोहा । बाको मन लीन्हौं ललन बोल्यो बोल
रसाल । झुकति तनक ही बात में ललित बेलि लौं बाल । २९४ ।
परिहास यथा उदाहरण । कवित्त । गौने के द्यौस कहूं सखि
रास सहेलिनि को मिल के गन आयो । कंचन के बिछिया प-
हिरावति प्यारी सखी परिहास बढ़ायो । पीतम सोत समीप ह-
सा बजैयों कहिके पहिले पहिरायो । कालिन्द कुंज चलाइबे को
कर ऊंचो कियो पै चल्यो न चलायो । २९५ । दोहा । मुसकात होन
लाल की परी कपोलन आनि । कहा छिपावत चतुर तिय क-
न्त दन्त छत जानि । २९६ । दोहा । कुंज कुसुम बनावन सखी क-
चलाय मुसकाय । गाढ़ गयो उरोज पिय बिहँसी भौंह चढ़ाय ।
। २९७ । अथ दूती लक्षण । दोहा । निपुण दूति तामें सदा दूती
ताहि बखान । उत्तम मध्यम अधम यों तीन भांति सो जान । २९८ ।
अथ उत्तम दूती लक्षण । दोहा । मोहे जो मन बोल के न कर
बचन अभिराम । नाहि कहत कविराज यह उत्तम दूती नाम ।
। २९९ । अथ उदाहरण । कवित्त । जा दिन मति रास मुसक्या-
नि बाके देखे तुम तादिन ते चढ़ी रही तिय पियराई पर । नेक
उठि देखो बड़भाग हैं तिहारे लला जोलि राखो राधि के क-
न्हाई हिय राई पर । दूनी दुति छाई देह आई दुवी पियराई सो
न वारिये तिया की पियराई पर । आवत न भौन बनावति ना
आभरन है तन कांति सुधा निधि सिखराई पर । ३०० । दोहा ।
तिय के हिय के हनन को भयो पंच सर बीर । लाल तुम्हें बस
करन को रहे न तरकस तीर । ३०१ । अथ मध्यम दूती लक्षण

भाल लसी । मतिराम सु बाले आवत नीरे निवारति भौंरन की ।
आवली । हरि के मन मोहन सों सकुची कह्यौ चाहति आप-
की ओर लसी। चित चोर लिया दृग जोरि तिया मुख मोरि कछू मु-
सकाय चली। दोहा । ३१० । सहज बात बूझत कछु बिहसि न-
वाई ग्रीव । तरुन हिये तरुनी दई नये नेह की सीव । ३११ । अ-
थ अनुभाव लक्षण । दोहा । जे अनुभावहि जानिये जो हैं सा-
त्विक भाव । रस ग्रंथन अवलोकि के बरनत सब कविराव ।
। ३१२ । दोहा । स्तंभ स्वेद रोमांच स्वर भंग कम्प वैवर्ण्य । आंसू
और प्रलाप कहि आठौं ग्रंथनि निर्णय । ३१३ । अथ स्तम्भ ।
लक्षण । दोहा । लज्जा हर्षादिकन तें अचल होत जहं अङ्ग ।
स्तम्भ कहत कवि तासु को जे प्रवीन रस रङ्ग । ३१४ । अथ उदाहरण ।
। कवित्त । देखत ही मतिराम रसाल गही सखि प्यारी की भेसनि गाढ़ी ।
चाहिबे की चित चाह भई हिये में कुलकानि की कानि काढ़ी । पा-
ई सौं सखी में न सकै के भई मिस लाज निवारि फिर ठाढ़ी ।
संग सखी न के जानि दुरावत आनन आनन्द की रुचि बाढ़ी ।
। ३१५ । दोहा । पाय कृष्ण एकान्त में अंक भरी ब्रजनाथ ।
एकान्त को लिच कारनि है काढ्यो कात नहिं हाथ । ३१६ ।
अथ स्वेद लक्षण । दोहा । हर्ष लाज भय कोप श्रम इत्यादि-
क ते होय । मानो प्रगटत देह ते स्वेद कहावत सोय । ३१७ ।
उदाहरण । कवित्त । किंकिनि नेवर की झनकारनि चारु प-
सारि महा रस जालहि । काम कलोलनि में मतिराम कलानि ।
निहाल कियो नंदलालहि । स्वेद के वृन्द लसे तन में रति अन्तर-
ही लपटाय गोपालहि । मानो चली मुकताफल पूजन हेमलता
लपटाती तमालहि । ३१८ । दोहा । कुच तें श्रम जलधार चलि

मिल रोमावलि रंग । मनो मेरु गिरि तर हटी भयो सिता सित संग। ।३२९। अथ रोमांच लक्षण। दोहा। हरष भयादिक ते प्रगट । रोम उमग जो अंग। ताहि कहत रोमांच हैं कवि जन सुमति उतङ्ग। ।३३०। अथ उदाहरण । कवित्त । चन्द मुखी हांसी में । चमेली की लतासी होति चम्पक लतासी जोति अंगन धरनि है ।कवि मतिराम तेरी अंग की सुवास लहे को नवेली ऐसी बात जानी न परति है । ने सुक निहारे ते नवेली नैन कोरनि सो ऐसी अद्भुत की कलानि उच्चरनि है। सुन्दर ललित माल श्याम रसिक रसाल सों कदम्बतें पुलकि सु फूलनि सों करति है ।३३१। दोहा । जौन अङ्ग ढिग है कढ़ी छुई छैल की चाह। अबहूं लों अवलोकिये पुलक पटल ता ताहि। ३३२। अथ स्वर भंग लक्षण। दोहा। क्रोध हर्ष मद भीत तें बचन और विधि होय ।ताहि कहत स्वर भंग है कवि कोविद सब कोय।३३३। अथ उदाहरण। कवित्त। ताहि लै आई अली रति मन्दिर जाकी लगे रतिहू परछांहीं। आय गयो मतिराम तहां जिन कोटिन काम कला रस गाहीं। देखत ही सिगरी वधुरी पकरी हँसि पै तिया की पिया बाहीं। लाजन तें स्वर भंग भई सो कही मुख चन्द मरू करि नाहीं।३३४। दोहा। काहा जनावत चातुरी काहा चढ़ावति भौंह अध निवारे अंखियानि सों सौंहें कीजति सौंह।३३५। अथ कम्प लक्षण। दोहा। क्रोध हर्ष भय आदि ले थर थरात ज्यों देह। ताहि कम्प यों कहत हैं कवि कोविद मति गेह। ३३६। अथ उदाहरण। कवित्त। चन्द मुखी आप विन्द की मालनि गूंथनि रूप अनूप बिगारयो।काम सरूप तहां मतिराम । अनन्द सों नन्द कुमार सिधारयो। देखत कम्प छुट्यो तिन

कै मन यौं चतुराई को बोल उचार्यो। सीरे सरोजनि सों सजनी कर कंपत आत न हार संवार्यो। ३२७। दोहा। लाल बदन लखि लाल के कुचन कम्प कछि होति। चपल होत चकवा मनो चाहि चंद की ज्योति। ३२८। अथ वैवर्ण्य लक्षण। दोहा। मोह क्रोध भय आदि तें बरन और विधि होय। ताहि कहत वैवर्ण्य हैं सकल सयाने लोय। ३२९। अथ उदाहरण। कवित्त। छल सों छबीली कों सहेलिनि लिवाय करि उपर आपनी रूप रच्यो जाय ख्याल कौं। कवि मतिराम भूषननि की झनक सुनि चाहि यौं चपल चितु रसिक रसाल कौ। अली चली सकल अलोक सिसकारि करि आवत निहारि करि मदन गोपाल कौ। लालन कौं इन्दु सों बदन अवलोकि अर बिन्दु सो बदन कुम्हिलाइ गयो बाल कौ। ।३३०। दोहा। बाल रही इक टक निरखि लाल बदन अरबिन्द। सियराई नैननि परी पियराई मुख चन्द। ३३१। अथ अश्रुत का लक्षण। दोहा। हर्ष दुःख भय आदि तें जल। आवै अखियानि। ताहि बखानत अश्रु कहि ग्रंथन को मत जानि। ३३२। अथ उदाहरण। कवित्त। बैठे हुते लाल। मनमोहन सोहनो बाल छिनकु सकुच रारवे गुरुजन भीर कौ। कवि मतिराम दीठ और की बचाय देखे देखत हीं। और भय रारवे अवधीर कौ। तब को न मोह धरै मन। को रवबर भली आंखिन सों छायो पुर आनन्द के नीर। कौ। उमंगि हिये तें आयो प्रेम को प्रवाह तामें लाज गिर परी जैसे तरु बर तीर कौ। ३३३। दोहा। बिन देखे को चले दुख सुख को देखे जाहि। कहो लाल इन दृगनि के अंसुआ क्यों ठहराइ। ३३४। अथ प्रलय का लक्षण। दोहा।+।

जौन दृगन में होत है सोही सकल निरोध। हर्ष दुक्खक्ख भय आदि तें प्रथम कहत मति शोध। उदाहरण। कवित्त। आछिन तें छवि सों मुसक्यात कहा निरखे नन्दलाल बिलासी। ता छिन तें मन। हीं मन में मतिराम पियै मुसक्यान सुधासी। नेकु निमेष न लागन नैननि चौकि चितै तिय देव नियासी। चन्द मुखी न हलै न चलै चित्रचात निवास में दीप सिखासी। ३३६। दोहा। तोमें अनलिख में लला सोहन मूरति मैन। अनलिख नैन सुनैन पै निरखत अनमिष नैन। ३३७। अथ जम्हा लक्षण। दोहा। जम्हा को कवि कहत हैं नवमों सात्विक भाव। उपजै आलस आदि तें बरनत सब कवि राव। ३३८। अथ उदाहरण। कवित्त। केलि करि। सकल रीति आत उठी अलसात नीर भरे लोचन जुगल बिलसतु हैं। लाजनि नें अंगनि दुरावति हैं बार बार सैंचि करि बसन। बिहारी बिहसतु हैं। कवि मतिराम आई आलस जम्हाई सुख। ऐसी मन भावती की छबि सरसतु हैं। अरुन उद्योत मानो शोभा के सरोवर में शोभा मानि शोभा को सरोज बिकसतु हैं। ३३९। दोहा। आयो पीव बिदेश तें बहुतक दिवस बिताय। सखी उठाई पास तें सांझहिं तें जमुहाय। ३४०। अथ श्रृंगार लक्षण। दोहा। जो बरनत तिय पुरुष को कवि कोविद रति भाव। ताको रसिक सु कवि हैं सो सिंगार रस राव। ३४१। दोहा। कहि सिंगार रस भाव है प्रथम कहत संयोग। ग्रंथनि को मत देखि के दूजो कहत बियोग। ३४२। अथ संयोग लक्षण। दोहा। प्रमुदित नायक नायका जहां सिंगार में होय। सोह संयोग सिंगार रस। बरनत सुमति उदोय। अथ उदाहरण। कवित्त। मान प्रिया। पिय आनन्द सों बिपरीति रची रति रंग रह्यो है। काम कलो-

चित की रीति। ३६१। अथ उदाहरण। कवित्त। ग्वालन बाल के। हेरी हिलावैं परी मन आइ सनेह की फांसी। काम कलोलनि में मतिराम लगी मानों बाटन मोद की आंसी। प्रीतम के उर बीज भयो तुलसी के विलास मनोज की गांसी। स्वेद बढ्यो तन कम्प उरोजनि आंखिन आंसु कपोलन हांसी। ३६२। दोहा। सकुचिन रहिये सांवरे सुनि गरबीले बोल। चढ़ति भौंह विकसत नयन विहंसत गोल कपोल। ३६३। अथ मोटाइत लक्षण। दोहा। बातन को प्रगटन भयो पुनि मिलाप की चाह। सो मोटाइत जानिये बरनत सब कवि नाह। ३६४। अथ उदाहरण। कवित्त। फूलि रहे द्रुम बेलिन सों मिलि पूरि रही अँखियां रस वारी। मोहि अकेली बिलोक यहां कछु और दसा भई दीठि निहारी। जैसी हुती हम सों तुम सों अब होयगी ऐसी ये प्रीति निहारी। चाहत जो चित में हित तो जिन बोलिये कुंजन बीच बिहारी। ३६५। दोहा। झूंठे हूं जग में लग्यो मोहिं कलंक गोपाल। सपनेहूं कबहूं हिये लगे न तुम नन्द लाल। ३६६। कुट्टमित हास लक्षण। दोहा। जहां दुक्ख अरु सुक्ख को प्रगट करै हिय बाम। परम ललित यह हाव। नहं कुट्टमित्त यह नाम। ३६७। उदाहरण। कवित्त। सोने की। सी बेलि अति सुन्दरि नवेली बाल होत ठाढ़ी हीं अकेली अलबेली द्वार महियां। मतिराम आंखिन सुधा की बरषा सी भई गई तब दीठ वाके मुख चन्द पहियां। नेकु नीरे जाय करि बातनि लगाइ करि कछु मन पाय करि आय गही बहियां। सैनन सों चरचि लई गानन में थकित भई नैनन में चाह करै बैननि में नहियां। ३६८। दोहा। प्रीतम को मन भावती मिलति बांह दै कंठ। बांही छूटै न कंठ तें नाहीं छूटै न कण्ठ। ३६९।

अथ विव्वोक लक्षण। दोहा। जो पिय के अभिमान तें करति अना-
दर बाम। ताहि कहत विव्वोक हैं जे प्रवीन गुण धाम। ३७०।
।अथ उदाहरण। कवित्त। मानहूं आयो है राज कहूं चढ़ि बैठ्यो
है ऐसे पलास के खोढ़े। गुञ्ज गरे सिर मोर पखा मतिराम हूं गा-
य चरावन छोढ़े। मोतिन को मेरो हार गहे हाथनि सो रही चूनरी
ओढ़े। ऐसे ही डोलत छैल भये तुम्हें लाज न आवत कामरी ओ-
ढ़े।३७१। दोहा। मान पियारो पग पर्‍यो तू न लखवति यह ओर।
ऐसो उरज कठोर तो न्याय ही उरज कठोर। ३७२। अथ ललित हा-
व लक्षण। दोहा। बैने आदि कि न सों सरस सकल आभरन अं-
ग। ललित हाव तासों कहत जे कवि वृद्ध उतंग। ३७३। अथ उ-
दाहरण। कवित्त। मन्द गयन्द की चाल चलै कट किंकिनि नेवर
की धुनि बाजे। मोती के हारनि मध्य हियरा हरिजू हुलास बि-
रान साजे। सारी सुही मति राम लसै मुख संग की नारी की यों
छवि छाजे। पूरण चन्द पियूष मयूष मनो परिवेष की रेख बिरा-
जे। ३७४। दोहा। बिरी अधर अंजन नयन मेहदी पग अरु पानि
तन कञ्चन के आभरन नीदि परे पहिचानि। ३७५। अथ बीहत
लक्षण। दोहा। जो परि पूरण होत नहिं सिय समीप अभिले-
ख। ताको विस्मत बखानियो जिन की कविता देख। ३७६। अ-
थ उदाहरण। कवित्त। सकल सहेलिन के पीछे २ डोलति है म-
न्द मन्द गौनु आजु आपुही करतु है। सनमुख होत सुख होत।
मति राम जबै पौन लागे घूंघट को पट उघरतु है। यमुनाके तट
वंशी वट के निकट नन्दलाल पै सकुचनि तें चार ह्यो न परतु
तुहै। तन तो तिया को बर भांवरे भरत मन सांवरे बदन पर भां-
वरे भरतु है। ३७७। दोहा। रूप सांवरो बदन पर सुधा सिं-

सुमें खेल । लखिवन सखै अँखियाँ सरसी परी लाज की जेल ।
२७८ । अथ वियोग शृंगार भेद । दोहा । प्यारी पीउ मिलाप बिन
होत नहीं आनन्द । सो वियोग सिंगार कों बरनत सब कवि वृन्द
। २७९। अथ वियोग को भेद । दोहा । कह्यो पूर्व अनुराग अरु
मान प्रवास विचार । रस सिंगार वियोग के तीनि भेद निरधार ।
२८०। अथ पूर्व अनुराग लक्षण । दोहा । जो पहिले देखे सुने
बाढ़े प्रेम को लाग । बिन मिलाप जो बिकलता सो पूर्व अनुराग
।२८१। अथ उदाहरण । कवित्त । न्यौते गये काहु गेह बढ़्यो प्रीति ।
रस दुहू के लगे दृग गाढ़े । लाल चले सैनि के घर कों निय अङ्ग
अनङ्ग की आग सों डाढ़े । ऊँचे अटा पर कांधे सहेली के ।
ठाढ़ी लिये चितवै दुख बाढ़े । मोहन जो मन गाढ़े करे पग द्वै
चले फिरि होत है ठाढ़े । २८२ । दोहा । निरख्यो नेह दुहून की
नई दई यह बात । स्रवति देह दुहून की त्यों पानी सर सात
।२८३। अथ मान भेद । दोहा । मान कहत हैं तीनि बिधि
लघु मध्यम गुरु मान । तिन के भेद बनाय के बरनत क-
वि मतिराम । २८४। अथ लघुमान भेद । दोहा । और बा-
म कों लखत जहँ लखै कान्ह को बाल । बरनत हैं लघु मा-
न सों छुटत तन काहि ख्याल । २८५। अथ उदाहरण । कवि-
त्त । देखति और तिया पिय सों लखि मान छबीली के नैन-
नि छायो । प्रीतम यों चतुराई करी मतिराम कछू परिहा-
स बढ़ायो । रीति रची बिपरीति जो प्रीतम ताको कवित्त
बनाय सुनायो । भूलि गई रिस लाजनि तें मुसक्याय पि-
या मुख नीचे को नायो । २८६ । दोहा । मान जनावति स-
खिन कों मनन मान की ठाट । प्रीतम नावन को लखै लाल

तिहारी बाट । ३८७। अथ मध्यम मानलक्षण । दोहा । पिय। मुख और नारिको सुनै नाम जहँ नारि । होत मान मध्यम तहाँ बरनत सु कवि विचारि । ३८८ । अथ उदाहरण । कवित्त । दोऊ आनन्द सों आँगन मांझ विराजैं असाढ़ की सांझ सुहाई । प्यारी के पूछत और तिया को अचानक नाम लियो रसिकाई । आयो चने मुंह में हँसि कोऊ तिया सर चाप सों भौंहैं चढ़ाई । आँखिन तें गिरे आंसू के बूंद सुहास गयो उठि हंस की नाई । ३८९। दोहा। भई देवता भाव सब वह तुम को बलि जाउं । वाही को सब ध्यान है वाही को सुख नाउं । ३९० । अथ गुरु मान लक्षण । दोहा । बोलत और तियान सों पिय को देखै बाम । होत तहाँ गुरु मान है बरनत कवि मति राम । ३९१ । अथ उदाहरण । कवित्त । । तेरे प्राण प्यारे कहूँ सहज सुभाव प्यारी काहू भी कही जो कछु बात काहू बाल सों । कवि मति राम मेरो कह्यो उर आनि । आली ठानो जन मान ऐसे मदन गोपाल सों । ताको ऐसी रिस करि अयान नीकी रीति नूतो दीप को सो ज्योति जग योबन रसाल सों । भौंहैं करि सूधी बिहसो है करि कपोल गोल सोहैं करि लोचन रसो हैं नन्दलाल सों । ३९२ । दोहा । बहु नायक सों बात में मान भलो न सयान । दुख सागर में बूड़ि है बांधि गरे गुरु मान । ३९३ । अथ प्रवास लक्षणम । दोहा । प्रीतम बसे बिदेश में बिरह जहाँ सर सार । बरणत तहाँ प्रवास है जे प्रवीन कविराय । ३९४ । अथ उदाहरण । कवित्त । घुरवान की धावन मानो अनंग तुरंग धुजा फहरान लगी । मतिराम समीर लगें लतिका बिरही बनिता थहरान लगी । मन में अल है छिति में अलछैं चपला की छटा छहरान लगी । परदेश में पीउ संदेश

न पायो पयोधि यहां चन्द्रसाल लगी। ४९५। दोहा। चलत लाल कौं मैं कियो सजनी हियो पखान। कहा करौं इकन्त नहीं इतै वियोग कृसान। ४९६। अथ वियोग शृंगार दशा कथन। दोहा। हौं कि वियोग शृंगार में प्रगट दशा दस जानि। प्रथम कहैं अभिलाष पुनि चिन्ता स्मृति मन मानि। ४९७। दोहा। गुन बखान। उद्वेग पुनि कहि प्रलाप उन्माद। व्याधि बहुरि जड़ता कहत कवि कोविद अविवाद। ४९८। अथ अभिलाष लक्षण। दोहा। ताहि कहत अभिलाष है ज्यों मिलाप की चाह। प्रेम कथन तें जानियें बरनत सब कविनाह। ४९९। अथ उदाहरण। कवित्त। मोर पखा मतिराम किरीट मनोहर मूरति सो मन लैगो। कुण्डल लोलनि गोल कपोलनि बोलनि नेह के बीजनि बैगो। लोल विलोचनि कोरनि सौं मुसक्याय इतै अरु ह्याय चितैगो। एक घरी घन से तन सौं अँखियानि घनो घनसारसौं दैगो। ५००। दोहा। जो मन लै कालो उड़ि गयो अब कोऊँ न पत्याइ। बसि मोहन बन बाल में रह्यो बनाय बनाय। ५०१। अथ चिन्ता लक्षण। दोहा। ध्यान मुख की भावना करै चित्त की चाव। चिन्ता तासों कहत हैं जे प्रवीन कवि राव। ५०२। उदाहरण। कवित्त। जैहो अकेली महा बन बीच जहाँ मतिराम अकेलोई आवै। आपने आनन चन्द की चाँदनी सौं पहिले तन ताप बुझावै। कूल कालिन्दी के कुंजन मंजुल मोर अमोल वे बोल सुनावैं। ज्यों हँसि हेरि लियो हियरा हरि ज्यों हँसि जो हियरे हरिलावैं। ५०३। दोहा। काम कहा कुल कानि सौं लोक लाज बिन जाइ। कुञ्ज बिहारी कुञ्ज में मिलैं मोहि मुसकाय। ५०४। स्मृति लक्षण। दोहा।

सखी सुनी प्रिय बाल कौ जो सुमिरन मन होय। स्मृति तासों कहि कहत हैं सब रस ग्रन्थ बिलोय। ४०५। अथ उदाहरण। कवित्त। आलस बलित कोरें काजर कलित मतिराम वै ललित अति पानिप धरत हैं। पंकज तें सरस हैं खंजन जुगन कों गरब तें सुमानि तें हरनि हरषत हैं। पर जिस घन बंक तीछन कटाछ वड़े लोचन विशाल उर पीरहि करतु हैं। गाढ़े ह्वै पड़े हैं न निसारे निकरत हैं नवान से। निसारें न बिसारें बिसरतु हैं। ४०६। दोहा। कौतुक हीं रति सुन्दरी नव सनेह सों बास। तन कुंडल मन प्रीति सों रंग कुंडल मन प्यास। ४०७। अथ गुण कथन। दोहा। बिरहा बीच जो पीय को सुन्दरता बिसराय। गुण कथन तासो कहत जे प्रवीन कविराय। ४०८। अथ उदाहरण। कवित्त। मोर पंखी मतिराम किरीट में कण्ठ बनी बनमाल सुहाई। मोहन की मुसक्यान मनोहर कुण्डल लोलनि में छबि छाई। लोचनलोलविशाल बिलोचनि कोन बिलोकि भयो बस माई। वा मुख की मधुराई कहा कहौं मीठी लगें अँखियानि लुभाई। ४०९। दोहा। सरद चन्द की चाँदनी नारि डारि किन मोहि। वा मुख की मुसक्यानि सरि कबहुँ कहो नहिं तोहि। ४१०।

अथ उद्वेग लक्षण। दोहा। बिरह बिथा की बिकलता जहाँ कछू न सुहाय। ताहि कहत उद्वेग हैं जे प्रवीन कविराय। ४११। अथ उदाहरण। कवित्त। चाहि तुम्हें मतिराम रसाल परी तिय के तन में पियराई। काम के तीछन तीरन सों भरि मारत। तीर भयो हियराई। नेरे बिलोकि वे को उत कारिठत कण्ठ। लों आय रह्यौ जियराई। नेकु परे न मनोज के ओजनि सेज सरोजन में सियराई। ४१२। दोहा। जे अङ्गनि पिय संग में बा-

रत छूते पियूष। ते बिछुरे बिछुराक से भये मयंक मयूष। ४१३।
अथ प्रलाप लक्षण। दोहा। उन कारनते कहत हैं जहां मोह मय बैन। बरनत जहां प्रलाप हैं जे प्रवीन रस ऐन। ४१४।
अथ प्रलाप उदाहरण। कवित्त। कहियो सन्देसो प्राण प्यारी सों गवन कीन्हों बिक्रम बिलास जैसें आपने परस कें। चन्द कार बरछी नि छेदि डारो नीर तीक्षन मनोज के कछु न करि न सकें। कवि मतिराम या कुलिश के धातु कहूं मान तुम कोकिल का कूकनि सकें। कैसे दरकत मेरो हियो सदा सहि रह्यो तेरे कुचनि पट कठोरनि कमर सों। ४१५। दोहा। बिकल लाल को बाल तू क्यों न बिलोकति आन। बोलि के कितनो सों काहे बोलि तिहारे तानि। ४१६। अथ उन्माद लक्षण। दोहा। उन कारनतें मोह मय वृथा कहत कछु काज। नाहि कहत उन्माद हैं कवि कोविद सिरताज। ४१७। अथ उदाहरण।
